**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2453**
**मंगलवार, 06 अगस्त,2024/8 श्रावण, 1946 (शक) को उत्तरार्थ**

## बीबीएसएसएल की शाखाएं

**2453. श्री सुनील कुमारः**

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बिहार में बीबीएसएसएल की शाखाएं कहां-कहां कार्य कर रही हैं;
(ख) क्या वाल्मीकि नगर में बीबीएसएसएल की कोई शाखा है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार का वाल्मीकि नगर में इसकी शाखा स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)**

(क) से (घ): सहकारिता मंत्रालय ने बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के अधीन भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (BBSSL) की स्थापना की है । BBSSL को IFFCO, KRIBHCO, NAFED, NDDB और NCDC द्वारा संवर्धित किया गया है। BBSSL की प्रारंभिक चुकता पूंजी पांच प्रवर्तकों में से प्रत्येक द्वारा 50 करोड़ के योगदान के साथ रु. 250 करोड़ रुपये और अधिकृत शेयर पूंजी रु 500 करोड़ है। भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड फसल पैदावार में सुधार और पारंपरिक प्राकृतिक बीजों के संरक्षण और संवर्धन हेतु एक प्रणाली के विकास के लिए सहकारी नेटवर्क के माध्यम से एकल ब्रांड नाम के तहत गुणवत्तापूर्ण बीजों के उत्पादन, प्रापण और वितरण कार्य करेगी । भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड प्रमाणित बीजों के उत्पादन में किसानों की भूमिका सुनिश्चित करके बीज प्रतिस्थापन दर, किस्म प्रतिस्थापन दर की वृद्धि में मदद करेगी । यह समिति प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) के माध्यम से भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की विभिन्न योजनाओं और नीतियों का लाभ उठाकर 'संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण' के माध्यम से दो पीढ़ियों के बीजों अर्थात आधार और प्रमाणित (प्रजनक बीजों को सार्वजनिक क्षेत्र के अनुसंधान संगठनों और अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों अर्थात ICRISAT, IRRI, CIMMYT आदि से प्राप्त किया जाएगा) के उत्पादन, परीक्षण, प्रमाणीकरण, खरीद, प्रसंस्करण, भंडारण, ब्रांडिंग, लेबलिंग और पैकेजिंग पर ध्यान केंद्रित करेगी। बीबीएसएसएल अपनी सदस्य सहकारी समितियों के नेटवर्क के माध्यम से अपनी गतिविधियाँ चलाएगा। अब तक कुल 11,713 सहकारी समितियाँ बीबीएसएसएल की सदस्य बन चुकी हैं। इनमें से 268 सहकारी समितियाँ बिहार की हैं। जहाँ तक वाल्मीकि नगर का सवाल है, पश्चिमी चंपारण जिले की 05 सहकारी समितियाँ बीबीएसएसएल की सदस्य बन चुकी हैं। इसके अलावा, बिहार में अपना परिचालन शुरू करने के लिए, बीबीएसएसएल ने बिक्री और विपणन गतिविधियों के लिए बिहार में एक अधिकारी की नियुक्ति की है।

*****